हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

04 घटेरा में हुआ हिन्दु सम्मेलन,दो हजार से ...



07 'भारत देश जैसे विशाल साम्राज्य की कल्पना ...





## किसान कांग्रेस की जन आंदोलन यात्रा का शमशाबाद के देवखजूरी से शुभारंभ

# गेहूं, धान और सोयाबीन के समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित 10 मांगें, गांवों में पहुंची यात्रा

***धान का समर्थन मूल्य 4 हजार प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार प्रति क्विंटल और मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी सहित नकली खाद-बीज बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली।***



विदिशा। किसान यात्रा के दौरान गांव गांव जाकर किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को किया संबोधित।

**गांव-गांव चौपाल व नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर प्रदेशभर में किसान कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही किसान जन आंदोलन यात्रा का गुरुवार को शमशाबाद विधानसभा के ग्राम देवखजूरी से शुभारंभ किया गया। यात्रा का शुभारंभ जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी द्वारा झंडा दिखाकर किया गया। यात्रा की शुरुआत भैरोंबाबा महाराज मंदिर, ग्राम देवखजूरी में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद यात्रा ग्राम देवखजूरी, दीताखेड़ी, अमऊखेड़ी, कोलिंजा, अंडिया परसौरा एवं सुरई मूडरा से होते हुए ग्राम हिनोतिया में सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान किसान कांग्रेस पदाधिकारियों ने गांव-गांव में चौपालें एवं नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य किसानों की ज्वलंत समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है।

प्रमुख मांगों में गेहूं एवं धान का समर्थन मूल्य 4 हजार रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन का समर्थन मूल्य 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल, मक्का की समर्थन मूल्य पर अनिवार्य खरीदी की मांग रखी। इसके साथ ही नकली बीज व खाद बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई, खाद की समय पर एवं पर्याप्त उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण कानून में बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा, लैंड पूलिंग एक्ट की समाप्ति, बिजली विभाग द्वारा किसानों पर दर्ज झूठे प्रकरणों को रद्द करना तथा जंगली जानवरों एवं आवारा मवेशियों से फसल नुकसान पर उचित मुआवजा शामिल हैं। दांगी ने कहा कि किसान कांग्रेस किसानों के हक की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन इसके लिए किसानों का संगठित होना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से मंडी एक्ट सहित किसानों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

यात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य चेतन विक्रम सिंह, निरंजन सिंह यादव, लक्ष्मण सिंह, यात्रा प्रभारी रमेश तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष रामसेवक रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र दांगी, संतोष कुशवाह पूरनपुरा, अनुज यादव दुपारिया, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल दुबे सहित सैकड़ों किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय सचिव का विदिशा भ्रमण आज

**विदिशा।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव रंजना चौपड़ा शुक्रवार को विदिशा जिले के भ्रमण पर रहेंगी। प्रवास के दौरान वे पीएम जनमन एवं धरती आबा ग्राम योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगी और हितग्राहियों से संवाद करेंगी। वह सुबह 10 बजे विदिशा पहुंचेंगी। इसके बाद वे बासौदा विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया दौलत के नया गांव टपरा में आंगनबाड़ी भवन एवं पीएम जनमन आवास का जायजा लेंगी। साथ ही बरमढ़ी ग्राम पंचायत के इनायतपुर गांव में बहुउद्देशीय नवनिर्मित भवन का निरीक्षण कर सहरिया जनजाति के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करेंगी।

### प्रदेश में विदिशा जिला प्रथम आने पर कलेक्टर को मिला प्रशंसा पत्र

**विदिशा।** युवा संगम कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विदिशा जिले ने



प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। दिसंबर 2025 में आयोजित रोजगार मेला, अप्रेंटिसशिप मेला तथा स्वरोजगार से जुड़े प्रयासों को सराहते हुए जिले को पहली रैंक दी गई। इस सफलता में जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्हें अलग से प्रशंसा पत्र मिला। आयुक्त ने कलेक्टर के नेतृत्व की सराहना करते हुए भविष्य में भी नवाचार की अपेक्षा जताई।

### सहकारिता विभाग में सिटीजन चार्टर का प्रभावी क्रियान्वयन

**विदिशा।** सहकारिता विभाग कार्यालय में सिटीजन चार्टर का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। उपायुक्त ध्रुव कुमार झारिया ने बताया कि सिटीजन चार्टर से जुड़ी समस्त जानकारियों का प्रदर्शन कार्यालय परिसर में किया गया है, जिससे नागरिकों को विभागीय सेवाओं की पारदर्शी जानकारी मिल रही है। चार्टर में सहकारी समितियों के पंजीकरण, नियंत्रण, मार्गदर्शन तथा समयबद्ध सेवाओं से संबंधित विवरण शामिल हैं। कार्यालय द्वारा सिटीजन चार्टर के सभी बिंदुओं का पालन किया जा रहा है।

### ऑटो चालक अधिक किराया लें तो कार्यालय में शिकायत करें

**विदिशा।** ऑटो चालकों द्वारा निर्धारित किराए से अधिक वसूली की शिकायत अब सीधे कलेक्टर कार्यालय के कंट्रोल रूम में की जा सकेगी। शिकायत के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सक्रिय रहेगा। शिकायत में चालक का क्रमांक, यात्रा का स्थान, लिया गया किराया तथा शिकायतकर्ता का नाम-मोबाइल नंबर देना आवश्यक होगा। प्राप्त शिकायतें जिला परिवहन अधिकारी को भेजी जाएंगी, ताकि नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने आम नागरिकों से अधिक किराया वसूली की स्थिति में समय रहते शिकायत करने की अपील की है।

### निजी कार, जीप वैन के लिए वार्षिक पास शुरू

**विदिशा।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गैर-व्यावसायिक कार, जीप और वैन के लिए 3 हजार रुपए मूल्य का वार्षिक पास शुरू किया है। यह पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वर्ष या 200 टोल क्रॉसिंग तक वैध होगा, जो भी पहले पूरा हो। वाहन मालिकों को वैध फास्टैग के साथ यह पास प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इस योजना से टोल शुल्क में सुविधा होगी और सरकारी वाहनों के लिए भी छूट प्राप्त फास्टैग के आवेदन किए जाएंगे। सभी संबंधित अधिकारी इस योजना का लाभ उठाने और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित हैं।

## दो घरों में चोरी: छह लाख के जेवर, नकदी ले गए बदमाश

■ दूसरा घर सूना होने के कारण चोरी का अनुमान नहीं लगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

चोरों ने बुधवार रात एक बार फिर दो घरों को निशाना बना लिया। शंकरटीला मोहनगिरी में हुई इस वारदात में चोर लाखों रुपए के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए।

मोहनगिरी शंकरटीला के पास रहने वाले मनफूल नामदेव ने बताया कि घटना वाली रात वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कमरे में सो रहे थे। चोर पहले बगल वाले घर में घुसे और वहां से सामान चुराया। इसके बाद छत के रास्ते हमारे घर में दाखिल हुए। जिस कमरे में हम सो रहे थे उसके दरवाजे खुले हुए थे। चोरों ने कमरे में टंगे दो बैग और एक पर्स चुरा लिया। मनफूल ने बताया कि उनके घर की अलमारी का दरवाजा नहीं था, इसलिए जेवर का बैग बाहर ही टंगा हुआ था।

### 6 लाख की चोरी हुई

चोरी हुए सामान में उनकी शादी के जेवर, बच्चों की पायल, दो मंगलसूत्र, एक करधनी, एक गुच्छा, टॉप्स और झुमके शामिल हैं। मनफूल नामदेव के अनुसार लगभग 6 लाख रुपए की चोरी हुई है। पड़ोस के दूसरे घर में भी चोरों ने ताले तोड़े, लेकिन घर मालिक की अनुपस्थिति के कारण यह पता नहीं चल पाया है कि वहां से क्या-क्या सामान चोरी हुआ है। मनफूल नामदेव ने कोतवाली थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार चोरों की तलाश में टीम जुट गई है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

## ओवरब्रिज की रैलिंग से फांसी लगाने वाले युवक की पहचान हुई मिर्गी की बीमारी से था परेशान

### पत्नी के सामने न आने से जांच में जुड़ा नया पहलू

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बुधवार को ओवरब्रिज के नीचे फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक की गुरुवार को पहचान हो गई। मृतक की पहचान राकेश के रूप में हुई है जो करैयाखेड़ा रोड स्थित वैष्णो देवी माता मंदिर के पास रहता था। वह पेशे से हलवाई था और पिछले करीब पांच वर्षों से पीतल मिल इलाके में एक नाश्ते के ठेले पर काम कर रहा था।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद राकेश के परिचित मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां शव देखकर उसकी शिनाख्त की गई। परिचितों के अनुसार, राकेश मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था और उसे अक्सर दौरे पड़ते थे। कई बार वह अचानक बेहोश होकर गिर जाता था, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। पुलिस को मृतक की जेब से एक पर्ची भी मिली है, जिसमें बीमारी से परेशान होने का उल्लेख किया गया है।

राकेश अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें एक बड़ी बेटी और एक छोटा बेटा है। उसकी ससुराल मोहन गिरी इलाके में बताई जा रही है। बुधवार सुबह रामद्वारे की ओर से ओवरब्रिज पर चढ़ रहे लोगों ने सीढ़ियों के पास युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। उसने सीढ़ियों की रेलिंग से गमछे का फंदा बनाकर आत्महत्या की थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट अभी आना शेष हे।

### पहचान होने पर भी मृतक की पत्नी नहीं आई

हैरानी की बात यह रही कि पहचान होने के बाद भी मृतक की पत्नी न तो पुलिस के पास पहुंची और न ही मेडिकल कॉलेज आई। पुलिस जब शिनाख्त के लिए उसके घर पहुंची तो वहां ताला लगा मिला। परिचितों ने बताया कि पत्नी ने पहले कहा था कि राकेश तीन दिन पहले गांव गया है। गुरुवार दोपहर तक पत्नी के सामने न आने से मामला कुछ संदेहास्पद भी नजर आ रहा है। सिविल लाइन पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## रघुवंशी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर, एसपी से की कार्रवाई की मांग

# 'श्रीराम' पर टिप्पणी करने वाले पर रासूका की कार्रवाई की जाए



विदिशा। रघुवंशी समाज ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग।

■ अधिकारियों ने समाजजनों को दिया कार्रवाई का आश्वासन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिरोंज में भीम आर्मी के कार्यक्रम में भगवान श्रीराम और माता सीता पर की गई टिप्पणी से आक्रोशित रघुवंशी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन सौंपा।

दौरान दीपक बौद्ध नामक व्यक्ति ने यह अभद्र टिप्पणी की थी। रघुवंशी समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि उक्त घटना से समाज में आक्रोश व्याप्त है और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन के समक्ष मांग रखी कि आरोपी दीपक बौद्ध को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। उसके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनी रहे। प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो समाज में रोष के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। रघुवंशी समाज ने प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपते समय

जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, मोहर सिंह रघुवंशी मानौरा, गुलाब सिंह सरपंच, विजय सिंह खेरुआ, रणधीर सिंह हिनौतिया, संजय सिंह देहलवाड़ा, चंदन सिंह सरपंच एवं कुलदीप सिंह अहमदपुर मौजूद रहे।

## वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य और आंखों की जांच के लिए शिविर आयोजित

# 250 जांच, 217 पूरी तरह से स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

31 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को यातायात विभाग द्वारा वाहन चालकों का निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएसपी अतुल सिंह एवं यातायात थाना प्रभारी आशीष राय मौजूद रहे। शिविर में ऑटो चालक, बस चालक एवं भारी वाहनों के चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में वाहन चालकों की नेत्र जांच, टीबी स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस जांच, ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच की गई। कुल 250 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



### कई चालकों में निकट दृष्टि दोष अधिक पाया गया

जांच में 13 चालकों में दूर दृष्टि दोष, 20 चालकों में निकट दृष्टि दोष पाया गया, जबकि 217 चालक पूर्णत: स्वस्थ पाए गए। जिन चालकों में स्वास्थ्य अथवा दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें समय पर उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। एसपी रोहित काशवानी ने स्वयं चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव एवं यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में बताया।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी, किसानों को 4.93 करोड़ भुगतान

**विदिशा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन जारी है। अब तक 1392 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनमें से 612 किसानों ने दो उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुक किए। 427 किसानों से 3159.84 मीट्रिक टन धान खरीदा गया, जिसमें से लगभग 90 प्रतिशत का सुरक्षित भंडारण पूर्ण हो चुका है। किसानों को जेआईटी के माध्यम से 4.93 करोड़ रुपए का सीधा भुगतान किया गया।

## शराबखोर, भ्रष्ट और छात्रों से अभद्रता करने वाले उदयपुर के शास. आदिवासी छात्रावास के अधीक्षक को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गंजबासौदा

उदयपुर के शासकीय आदिवासी छात्रावास की बदहाली और अधीक्षक की मनमानी के खिलाफ गुरुवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने एकजुट होकर एसडीएम संतोष बिटोलिया एवं तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन देकर छात्रावास अधीक्षक को तत्काल हटाने और दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि छात्रावास अधीक्षक अक्सर शराब के नशे में ड्यूटी पर आते हैं। उनके अनैतिक व्यवहार और दादागिरी के कारण छात्र



स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। डर के चलते अब तक कोई खुलकर शिकायत नहीं कर पाया, लेकिन स्थिति अब असहनीय हो चुकी है। ज्ञापन में छात्रावास में बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार का भी उल्लेख किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों की वास्तविक उपस्थिति कम होने के बावजूद कागजों में संख्या अधिक दिखाकर राशन और भोजन के फर्जी भुगतान किए जा रहे हैं। सुविधाओं के लिए मिलने वाले फंड की बंदरबांट की जा रही है।

छात्रावास में साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था और परिसर में फैली गंदगी से बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कर दोषी अधीक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आज सागर डिविजन बनाम फरीदाबाद के बीच होगा मुकाबला

# गौतम की शानदार पारी, भोपाल लेपड्र्स सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर स्थित कनारा ग्राउंड पर खेली जा रही प्रतिष्ठित 56वीं कनारा क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला।

भोपाल लेपड्र्स और प्रयागराज के बीच खेले गए इस मुकाबले में भोपाल लेपड्र्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रयागराज को करीबी मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेंद्र भंडारी एवं बलवीर रघुवंशी द्वारा किया गया। विशेष अतिथि के रूप में क्षितिज गौतम एवं पवन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ मुकाबले की औपचारिक शुरुआत हुई। टॉस जीतकर भोपाल लेपड्र्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो पूरी तरह सही साबित हुआ। प्रयागराज की टीम 19.2 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। प्रयागराज की ओर से अभिषेक सिंह ने 37 गेंदों में 52 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा अभिषेक यादव (38), प्रमोद (14) और ध्रुव (13) ने योगदान दिया।



विदिशा। अपनी टीम को जिताने के लिए रन बटोरते खिलाड़ी।

भोपाल की ओर से कमल त्रिपाठी ने 3 विकेट झटके, जबकि सार्थक, सत्यम और आदित्य ने 2-2 विकेट लेकर विपक्षी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने से रोका। 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भोपाल लेपड्र्स की शुरुआत संघर्षपूर्ण रही, लेकिन गौतम रघुवंशी ने एक छोर संभालते हुए 79 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें अतुल कुशवाहा (21 रन) का अच्छा साथ मिला। टीम ने 19.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रयागराज की ओर से नितिन यादव और ध्रुव प्रताप सिंह ने 2-2 विकेट लिए। लगातार दूसरी जीत के साथ भोपाल लेपड्र्स ने सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए गौतम रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार विष्णु गोयल एवं विलास राव भगत ने प्रदान किया। आयोजकों के अनुसार आज अगला मैच सागर डिविजन बनाम फरीदाबाद के बीच खेला जाएगा।

## छुरी मारने वाले दोषी को 1 साल का कारावास

**घर पर शराब पिलाने के बाद किया था हमला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद आदिवासी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि घटना 29 सितंबर 2018 को फरियादी जित्तू उर्फ जितेंद्र ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 10 बजे आरोपी ने उसे अपने घर बुलाकर शराब पिलाई।

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद ने छुरी से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के कान में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया गया। साक्ष्यों एवं गवाहों के बयानों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-6122
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7450
चना
न्यूनतम भाव- 3700
उच्चतम भाव- 5800
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7500
ज्वार
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6990
मक्का
न्यूनतम भाव-1426
उच्चतम भाव- 1716
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3651
धान
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव-3801
उड़द
न्यूनतम भाव-5700
उच्चतम भाव-6790
गेंहू
न्यूनतम भाव-2386
उच्चतम भाव-3450

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 21255 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से हिरण की मौत



**गंज बासौदा।** गुरुवार को विदिशा अशोकनगर हाइवे पर ग्राम विशनपुर के पास एक कार की टक्कर से हिरण की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक हिरण खेत में से दौड़कर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वह तेज रफ्तार कार से टकरा गया। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन कार चालक ने कार नहीं रोकी और वहां से निकल गया। जबकि हिरण गंभीर हालत में सडक पर पडा रहा और कुछ देर में उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस और चौकीदार को दी।

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के कभी भी बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नागरिकों को एवं किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कटौती बंद करने की मांग की है।


# कृषि उपज मंडी के व्यापारी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय कृष उपज मण्डी में मण्डी व्यापारी ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए किसान को 50 हजार रुपए की राशि भुगतान कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस कृषक सत्यम राजपूत निवासी ग्राम ग्रहणी अपनी धान की उपज का विक्रय करने कंजना की पठार स्थित नवीन कृषि उपज मण्डी आए थे। जैसे ही रात्रि में व्यापारी ने अपनी सिलक मिलाई तो उसमें 50000 रूपए बढ़ती पाए गए। जिसके बाद तुरंत व्यापारी ने कृषक को फोन



लगाकर सूचना देते हुए बताया कि आपके पास 50000 रुपए कम





पहुंचे हैं। आप सुबह मंडी में आकर अपनी शेष राशि ले जाएं। यशोदा ट्रेडिंग कंपनी के व्यापारी रोहित जैन और इमरत राजपूत ने ईमानदारी और नैतिकता का एक बड़ा उदाहरण पेश किया है। उनकी इस पहल की सराहना की जा रही है। गुरुवार को मंडी सचिव सोहनलाल, विधायक प्रतिनिधि तरबर सिंह रघुवंशी, शिव शरण सिंह रघुवंशी और अनाज तिलहन संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किसान सत्यम राजपूत को शेष 50 हजार रुपए की राशि सौंपी गई। जो यह दिखाता है कि मंडी में ईमानदारी को बढ़ावा देने सभी लोग एकजुट हैं।

# बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को मार्केटिंग सोसायटी बासौदा में सहकार भारती के बैनर तले विदिशा जिले की सातों विपणन समितियों के प्रबंधकों एवं मार्केटिंग सोसायटी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मार्केटिंग सोसायटी की आर्थिक स्थिति, कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन न मिलने, विपणन संघ एवं नागरिक आपूर्ति निगम से समर्थन मूल्य खरीदी के कमीशन एवं प्रसार व्यय की रूकी हुई राशि लेने हेतु चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा बताया गया कि मार्केटिंग सोसायटी को रासायनिक खाद वितरण केन्द्र नहीं बनाए जाने से खाद लेने में बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा है। मार्केटिंग सोसायटी को रासायनिक खाद वितरण केन्द्र बनाए जाने, समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों में प्राथमिकता देने की मांग वाला ज्ञापन सहकार भारती के बैनर तले कलेक्टर, उप आयुक्त सहकारिता और विपणन संघ और कृषि विभाग को देने पर सहमति बनी। इस अवसर पर सहकार भारती के राष्ट्रीय मंत्री गजेन्द्र गौतम, प्रदेश संयोजक सुरेश शर्मा की अनुशंसा पर मार्केटिंग प्रबंधक ग्यारसपुर अजय कुमार परवरिया को जिला संयोजक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर मार्केटिंग प्रबंधक प्रमोद रघुवंशी गंजबासौदा, इंद्रराज सिंह दांगी कुरवाई, राजकुमार साहू सिरोंज, कमलेश कुमार शर्मा लटेरी, संदीप रघुवंशी विदिशा, संजू सेन, रामस्वरूप रघुवंशी, निरंजन रघुवंशी, पवन नामदेव, मुकेश रघुवंशी, आशीष शर्मा, अभिषेक कुशवाह आदि ने बधाई दी है।

## हिंदू जब संगठित होता है, तब समाज, संस्कृति और सुरक्षा तीनों सशक्त होते हैं

# घटेरा में हुआ हिन्दु सम्मेलन,दो हजार से अधिक की रही मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







हिंदू समाज राष्ट्र निर्माण की आत्मा और चेतना का मूल आधार है। सनातन संस्कृति ने सदैव त्याग, तप, सेवा और समरसता के मूल्यों से राष्ट्र को दिशा दी है। राष्ट्र केवल भू-भाग नहीं, बल्कि साझा संस्कार, संस्कृति और कर्तव्यों का जीवंत स्वरूप है। हिंदू जब संगठित होता है, तब समाज, संस्कृति और सुरक्षा तीनों सशक्त होते हैं। यह विचार सकल हिन्दू समाज घटेरा मंडल के तत्वावधान में गुरुवार को घटेरा में आयोजित हुए विशाल हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राकेश परमार ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। हिंदू सम्मेलन भव्यता, अनुशासन और वैचारिक ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में लगभग 2000 से अधिक हिन्दू समाज जन उपस्थित रहे, जिससे पूरा क्षेत्र धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभाव के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर गुरु घाटी घटेरा के महंत 1008 महामंडलेश्वर रामदास महाराज, 1008 महामंडलेश्वर बालकदास महाराज महंत नूरपुर धाम तथा महंत 108 परशुराम दास महाराज मूडरीधाम सहित अनेक संत-महात्मा मंच पर विराजमान रहे। संतों के सान्निध्य में आयोजित इस सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और समाज के संरक्षण का संदेश दिया गया। जिला प्रचारक परमार ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में भारत के गौरवशाली इतिहास, भारत के पुनः विश्वगुरु बनने की यात्रा तथा पंच परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत की शक्ति उसकी सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध में निहित है। यदि समाज पंच परिवर्तन व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य को अपनाता है, तो भारत को पुनः विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाया जा सकता है। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने हिन्दू समाज को संगठित रहने, संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भजनों, जयघोष और धर्मनिष्ठ नारों से वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और राष्ट्रमय बना रहा। इसी क्रम में अमारी मंडल, कस्बा बागरोद मंडल एवं लगधा मंडल में भी हिन्दू सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। इन सम्मेलनों में भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सनातन संस्कृति, सामाजिक जागरण तथा राष्ट्रनिर्माण के विषयों पर विचार-मंथन हुआ। सभी स्थानों पर हिन्दू समाज ने एकजुट होकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, संस्कारवान समाज निर्माण और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी संतों, वक्ताओं, स्वयंसेवकों एवं उपस्थित समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे वैचारिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# लोगों की जागरुकता से बची विशाल अजगर की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार सुबह के समय गोकुलधाम कॉलोनी परसौरा रेलवे अंडर रेलवे अंडर बाईपास के समीप खुले स्थान पर एक 12 से 15 फीट लंबा विशाल इंडियन रॉक पायथन अजगर को घायल अवस्था में पड़े हुए लोगों ने देखा। जिसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। अजगर को देखकर लग रहा था कि उसे लोगों ने पत्थरों से मारकर गंभीर रूप से घायल किया था। घायल अवस्था में अजगर के पड़े होने की सूचना मिलने पर वहां दर्जनों की संख्या में लोग पहुंच गए और घायल अजगर का उपचार कराया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक को मोबाइल पर सूचना देकर मौके पर बुलाया और घायल अजगर का उपचार करवाया। इस दौरान यादव ने कहा कि वन्यजीव जन्तुओं को मारें नहीं और न ही नुकसान पहुंचायें। नागरिक समझदारी और जागरूकता का परिचय दें सम्बंधित अधिकारियों को जानकारी में लायें या हमें बताएं। इससे पूर्व स्थानीय लोगों ने अजगर को घायल अवस्था में देखकर तुरंत सर्प मित्र शिवम शर्मा को सूचना दी थी। अजगर को देखकर पहले लोग चौंक गए थे कि इतना बड़ा अजगर यहां कैसे आ गया। करीब आधे घंटे तक जब अजगर ने कोई हरकत नहीं की, तो लोगों को लगा कि वह मृत है। सूचना मिलने पर सर्प मित्र शिवम शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि अजगर जीवित था, लेकिन उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। तत्काल अजगर का इलाज शुरू किया गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसके घावों पर दवा लगाई गई। सर्प मित्र शिवम शर्मा अजगर को अपने साथ घर ले गए। शिवम शर्मा ने बताया कि एक से दो दिन में अजगर चलने लायक हो जाएगा। इसके बाद उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जाएगा। रिहायशी क्षेत्र के इतने नजदीक इतना बड़ा अजगर दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों का कहना है कि रात के समय कुछ लोगों ने उसे पत्थर और डंडों से मारा था, जिससे वह घायल हो गया।



# विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रीय युवा दिवस सप्ताह के अवसर पर शासकीय कन्या उमा विद्यालय गांधी चौक में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विमलेश मुड़ैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, युवा दिवस का उद्देश्य, सूचना का अधिकार, निजता का अधिकार की जानकारी दी एवं उपस्थित विद्यार्थीगण को उनके विधिक व अन्य जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों पर जानकारी देकर अवगत कराया। एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने साइबर अपराध व उनसे बचाव, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाईन 15100 के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में पैरालीगल वालेंटियर्स सुनील राजपूत, सौरभ कुशवाह, प्राचार्य लक्ष्मी देवी प्रजापति, संध्या सिंह, अनुपमा जैन, रजनी श्रीवास्तव, चंदा द्विवेदी, वसुंधरा शर्मा, यामिनी त्रिपाठी, प्रियांशी चौहान, मजबूत सिंह, लल्लन तिवारी सहित स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# विधायक, नपा सांसद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड नंबर 20 राजेंद्र नगर में एमपी आरडीसी द्वारा सड़क तो डाल दी गई थी। लेकिन नाला नहीं बनाया था। उस कार्य हेतु गुरुवार को एमपी आरडीसी के अधिकारियों ने चूना लाइन डाली। इस मौके पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने पार्षद मूलचंद कुशवाह एवं नगर पालिका स्टॉफ की मौजूदी में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। वहीं विधायक एवं नपा सांसद प्रतिनिधि ने वार्ड नंबर 15 में नाली रोड कार्य



का निरीक्षण किया। साथ ही पाराशरी नदी पर बनाए जा रहे पाथ वे जो कि विद्याश्री लॉज से मिलेगा उसका भी निरीक्षण किया गया।

### वरिष्ठता के लिए राज्य कर्मचारी संघ करेगा आंदोलन

**गंज बासौदा।** राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग के अध्यापकों की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की गणना के लिए अब मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आंदोलन करेगा, जिसका प्रस्ताव दतिया में आयोजित संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में पारित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने बताया कि सन 1998 से नियुक्त अध्यापक संवर्ग की वरिष्ठता की गणना शिक्षा विभाग द्वारा 2018 से की जा रही है। जिससे क्षुब्ध होकर अध्यापक पिछले सात साल से नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की मांग कर रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। राज्य कर्मचारी संघ ने इस मांग को जायज मान कर शासन के सामने मांग रखी लेकिन अभी तक निदान नहीं हुआ। इस कारण राज्य कर्मचारी संघ ने अब अध्यापकों के हित में आंदोलन करने की रणनीति बनाई है। वरिष्ठता का प्रस्ताव भोपाल जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य ने रखा जिसका समर्थन संभाग उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद चतुर्वेदी ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह की प्रांत टोली द्वारा प्रदेश कार्यालय के लिए भूमि क्रय कर भवन निर्माण, रिक्त दायित्वों को भरने, एक व्यक्ति एक पद, निष्क्रिय पदाधिकारियों को सक्रिय करने, शेष रहे जिलों में समय सीमा में निर्वाचन कराने सहित कर्मचारी कल्याण एवं संगठन हित के एक दर्जन प्रस्ताव पारित हुए।

## श्रीराम लीला मेला में प्रतियोगिताएं देखने उमड़ रही भीड़

# श्रीराम लीला मेला में महिला कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नपा के रामलीला मेले में इन दिनों खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के तहत गत दिवस विभिन्न स्कूलों की बालक बालिका वर्ग की टीमों के बीच खो खो के लीग और क्वार्टर फायनल के मुकाबले एवं बुधवार को प्रतियोगिता के सेमीफायनल और फायनल मुकाबले खेले गए। गुरुवार को महिला कबड्डी मुकाबलों का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथियों ने सभी खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। पहला मुकाबला सागर और बासौदा ए के बीच हुआ। जिसमें बासौदा ए टीम विजयी रही। दूसरा मुकाबला बासौदा बी एवं गूदनखेड़ी के बीच हुआ। जिसमें बासौदा बी टीम विजयी रही। तीसरा मुकाबला राइजिंग और उत्कृष्ट विद्यालय के बीच हुआ। जिसमें राइजिंग टीम विजयी रही। चौथा मुकाबला बासौदा ए और सरस्वती शिशु मंदिर के बीच हुआ। जिसमें बासौदा ए टीम विजयी हुई। इस प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में कपिल गोड, विजय शर्मा, गजेन्द्र दांगी, गौरव भारद्वाज, चेतन माथुर, दीक्षा राजपूत, स्वयं शर्मा, मयंक सोनी, रोहित रघुवंशी, मोनिका जैन, सुनील शर्मा मौजूद रहे। श्रीराम लीला मेला में आयोजित हो रही विभिन्न प्रतियोगिताओं को देखने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

### स्टेशनरी एवं पुस्तकें वितरित



**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में एससी/एसटी वर्ग की छात्राओं को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से निःशुल्क स्टेशनरी एवं अध्ययन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति एवं ग्रंथपाल डॉ. प्रकाश चंद्र मौर्य द्वारा छात्राओं को पुस्तकें, कॉपियाँ, फाइल एवं अन्य आवश्यक स्टेशनरी सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी छात्रा को संसाधनों के अभाव में पीछे नहीं रहना चाहिए।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गुरूवार को विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक संगठन के जिला कार्यालय अशोक भवन में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री नवल भदौरिया ने संगठन में कार्यकर्ता की भूमिका और कार्यपद्धति के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि कलियुग में संगठन में शक्ति है इसलिए हमें आदर्श संगठन खड़ा करना है जो समाज हित में कार्य करें। प्रांत सह संयोजक लोकेन्द्र मालवीय ने पूर्व कार्यों की समीक्षा की एवं बजरंग दल की कबड्डी प्रतियोगिता के विषय में बताया। विभाग मंत्री दौलत लौंगवानी ने संगठन के आगामी कार्यक्रम से अवगत कराया और उनकी रूपरेखा तय की। विभाग संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने संगठन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम धर्म रक्षा निधि की प्रखंडसः चर्चा की और प्रखंडों के लक्ष्य तय करके आगामी कार्ययोजना बनाने की बात कही। बैठक को विभाग सहमंत्री चंद्रभान सिंह बघेल, संदीप नेमा ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुकेश सेन मंचासीन थे।

बैठक का संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने किया। बैठक में विभाग समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, विभाग मातृशक्ति संयोजिका ज्योति वर्मा, जिला सहमंत्री सुरेंद्र श्रीवास्तव, सत्यम दुबे बावली, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, भजन प्रजापति, मातृशक्ति जिला संयोजिका स्वदेश छावड़ा, जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख विनोद शर्मा, जिला सेवा प्रमुख झगडू महाराज, जिला सह समरसता प्रमुख बसंती लाल कुशवाहा, जिला धर्मयात्रा प्रमुख ब्रजेश कुशवाहा, जिला गौरक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर, जिला विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाहा सहित प्रखंड कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय सुरक्षा कानून कार्यवाही कर जनसभा आयोजकों की गिरफ्तारी की मांग

# 'भारत देश जैसे विशाल साम्राज्य की कल्पना राम के बिन शून्य'

**श्रीराम के जय घोष के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर अधिवक्ता संघ ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

गुरुवार को अधिवक्ता संघ द्वारा जय जय श्री राम, हर हर महादेव के जय घोष के साथ महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर ज्ञापन का वाचन करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि 3 जनवरी 2026 को नगर के पुराने बस स्टैंड स्थित भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर आयोजित जनसभा के आयोजकों एवं भक्तों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्यवाही कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। प्रशासन द्वारा जनसभा करने की अनुमति दी गई थी अनुमति का गलत ढंग से अनुचित है। वही उन्होने कहा कि भारत देश जैसे विशाल साम्राज्य की कल्पना राम बिन शून्य है। श्री राम सनातन की आत्मा है राम हम करोड़ सनातनियों के केवल आराध्या ही नहीं हम करोड़ सनातनियों के जीवन का अंतिम लक्ष्य है हम सनातनियों के जीवन का उदय राम नाम से होता है और राम नाम पर ही जीवन अस्त हो जाता है प्रभु राम हमारे प्राण है हम सनातनियों की स्वास्थ्य राम है राम ही हम सनातनियों के साथ साथ इस राष्ट्र का चरित्र है। हम करोड़ सनातनियों की आत्मा के साथ-साथ इस राष्ट्र का चरित्र है और यह भी कि इस राष्ट्र का चरित्र राम है, इसलिये यह राष्ट्र चरित्रवान है, और इस व्याख्या के परिप्रेक्ष्य में कोई व्यक्ति श्रीराम के विरूद्व निदंनीय शब्द का प्रयोग करता है तो वह वास्तविकता में हम करोडो सनात्तियों की आत्मा पर प्रहार करता है जो कतई क्षमा किए जाने योग्य नही। इस सभा में जिस प्रकार कथित और विवादित व अराजक भीम आर्मी के आयोजनकर्ता और वक्ताओ ने हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम और उनके चरित्र के साथ जो अशोभनीय बाते कहीं है और जो ओछापन दिखाया है उससे हम सभी के साथ-साथ करोडो सनातनियो को आकोश से भर दिया है यह आकोश की ज्वाला हमारी आत्माओ में ज्वालामुखी की धधक रही है और यह भी कि जब कुछ शेष नहीं रह जाता है तब विद्रोह उत्पन्न होता और कांति जन्म लेती है।

#### अन्याय बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जाएगा

*अधिवक्ताओं ने कहा कि 3 जनवरी के आयोजन और उसकी गतिविधि कतई राष्ट्र हित में नहीं है इस आयोजन ने समाज में जातिय द्वेष, सामाजिक वैमनस्य तथा धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा देने का काम किया है तथा इस कृत्य ने समाज की एकता, शांति एवं सद्भाव पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। यह एक अत्यंत गंभीर विषय है जिसे हल्के में लेने की भूल नही की जाना चाहिये। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाना अति आवश्यक है। यह आयोजन, आयोजक व प्रयोजको की विवादित्त गतिविधि सविधान के विपरीत होकर कानून का खुला उल्लघंन हैं हम अभिभाषक गण कानून को मानने वाले व न्याय के सहयोगी हैं इसलिये अन्याय कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभिभाषक संघ के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि आयोजक समिति के सदस्य व वक्ता के विरूद्व शीघ्र राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्यवाही कर इन्हें गिरफतार किया जाए। अन्यथा हम सनातियों द्वारा अपने स्तर पर इनका प्रतिकार किया जाएगा व उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण दायित्व शासन प्रशासन पर होगा। हम आशा करते हैं कि सिरोंज का संवेदनशील शासन प्रशासन हमें आन्दोलन हेतु विवश नहीं होने देगा। इसमेंअभिभाषक संघ अध्यक्ष कपिल त्यागी, एडवोकेट सचिन शर्मा,सोनू गौर,हेमंत श्रीवास्तव,एडवोकेट अवध नारायण श्रीवास्तव आदि शामिल थे।*

# सांसद के प्रयासों से रायपुर-जबलपुर ट्रेन का नाम परिवर्तन कर रखा मूकमाटी एक्सप्रेस

### गोलाकोटा में मुनिश्री के सानिध्य में आईजा करेगी सांसद जैन का सम्मान







राजीव जैन सैनानी ▶▶ सिरोंज

राज्यसभा सांसद नवीन जैन के सतत व प्रभावी प्रयासो से परिणाम स्वरूप रायपुर-जबलपुर के बीच चलने वाली ट्रेन रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस का नाम बदलकर अब मूकमाटी एक्सप्रेस कर दिया गया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड व मंत्रालय ने आदेश जारी किया है। जैसे ही इसकी जानकारी जैन समाज को हुई कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की स्मृति को चिरस्थायी बनाए करने के लिए उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक मूकमाटी के नाम पर ट्रेन का नाम रखा गया है। वही इस घोषणा के बाद देश भर में जैन समाज में हर्ष व्याप्त है। जो प्रयास सांसद नवीन जैन द्वारा किया गया है इसके लिए गोलाकोट में विराजमान राष्ट्रीय संत मुनि श्री सुधा सागर महाराज के सांदिध्य में सांसद नवीन जैन का ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि मुनि श्री सांदिध्य में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के अलावा देश के अन्य पत्रकार भी शामिल होगें।

#### देश के विभिन्न राज्यों से उठी थी मांग

रेलवे बोर्ड के आदेश संख्या 2026/सीएचजी/36/01 के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एसईसीआर बिलासपुर एवं पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को नाम परिवर्तन सुनिश्चित करने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जैन ने 1 अक्टूबर 2025 को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा था। इसमें उन्होंने राष्ट्र संत पूज्य 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने हेतु उक्त ट्रेन का नाम ह्यमूकमाटीह्न रखने की मांग रखी थी। यह मांग देश के विभिन्न राज्यों से उठी जनभावनाओं से जुड़ी थी, जिसे अंततः रेलवे मंत्रालय ने स्वीकार किया। इस निर्णय से जैन समाज सहित श्रद्धालुओं में हर्ष और संतोष का वातावरण है। सांसद नवीन जैन के प्रयास को व्यापक सराहना मिल रही है।

#### नवीन जैन बोले मुनिश्री सुधा सागर महाराज का आशीर्वाद

आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने सांसद नवीन जैन से जब चर्चा की तो उन्होने कहा कि यह तो मेरा कर्तव्य था। मुझे आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का आर्शीवाद हमेशा मिलता रहा है। उनके स्मृति को चिरस्थायी रखने के लिए कई कार्यक्रम के आयोजन एंव कई ऐसी चीजो के नामकरण के प्रयास मेरे द्वारा किए जा रहे है। जिससे कि में अपने द्वारा किए जा रहे प्रयासो को शीघ्र पूरा करूंगा। ट्रेन का नाम जो मूकमाटी रखा गया है उसके लिए में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही इन सभी कार्यो को करने की जो मुझे ऊर्जा मिली व ऊर्जा मेरे गुरूवर मुनि श्री सुधा सागर महाराज के आर्शीवाद से प्राप्त हुई है। मुझे आईजा द्वारा कार्यक्रम में गोलाकोट में आमन्त्रित किया गया है यह मेरा सौभाग्य है कि मुनि श्री दर्शन लाभ व उनका सांनिध्य व आशीर्वाद मुझे प्राप्त होगा।

#### मुनि द्वारा लिखी गई पुस्तक के नाम पर रखा गया ट्रेन का नाम

*22 साल की उम्र में संन्यास लेकर दुनिया को सत्य-अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की एक झलक पाने सैकड़ों लोग मीलों पैदल दौड़ पड़ते हैं। उनके प्रवचनों में धार्मिक व्याख्यान कम और ऐसे सूत्र ज्यादा होते हैं जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को सफल बना सकते हैं। वे अकेले ऐसे संत है जिनके जीवित रहते हुए उन पर अब तक 55 पीएचडी हो चुकी हैं। ये है उनका जीवन वृत्त हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, बांग्ला, कन्नड़, मराठी आदि भाषाओं के जानकार विद्यासागरजी का बचपन भी आम बच्चों की तरह बीता। गिल्ली-डंडा, शतरंज आदि खेलना, चित्रकारी आदि का इन्हें भी बहुत शौक रहा। लेकिन जैसे-जैसे बड़े हुए आचार्यश्री का आध्यात्म की ओर रुझान बढ़ता गया। आचार्यश्री का बाल्यकाल का नाम विद्याधर था। कर्नाटक, बेलगांव के ग्राम सदलगा में 10 अक्टूबर 1946 को जन्मे आचार्यश्री ने कन्नड़ के माध्यम से हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद वे वैराग्य की दिशा में आगे बढ़े और 30 जून 1968 को मुनि दीक्षा ली। आचार्य का पद उन्हें 22 नवंबर 1972 को मिला। वही उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक मूकमाटी पर ही आज रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस का नाम मूकमाटी रखा गया।*

## बिजली विभाग ने समाधान योजना की अवधि 31 तक बढ़ाई

**सागर।** बिजली विभाग द्वारा बकाया विद्युत बिलो के भुगतान पर सरचार्ज राशि की छूट दिए जाने के लिए 01 दिसम्ब से चालू की गई समाधान योजना की अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। सागर वृत्त की अधीक्षण अभियंता चंद्ररेखा प्रभाकर ने बताया कि समाधान योजना को लेकर एवं राजस्व के अन्य पैरामीटरो पर सागर क्षेत्र के मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार द्वारा पूरे वृत्त के कनिष्ठ अभियंताओ, सहायक अभियंताओ एवं कार्यपालन अभियंताओ की मकरोनिया स्थित सभागृह में समीक्षा बैठक ली गई जिसमे मुख्यालयवार समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होने सूची के विरूद्ध बिल जमा करने की स्थिति में 20 जनवरी तक हर हाल मे लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देष दिए है। लक्ष्य पूर्ण न होने की स्थिति में कारण स्पष्ट करना होगा मुख्य अभियंता द्वारा समस्त मैदानी अधिकारियो को सार्वजनिक स्थानो पर एवं कार्यालयो में बैनर लगाकर प्रचार-प्रसार कर उपभोक्ता को जागरूक करने एवं समाधान योजना के शत-प्रतिशत प्रकरणो का रजिस्ट्रेशन कर राशि जमा करवाने के प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही टेलीफोन द्वारा संपर्क करने, आमने-सामने एवं व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर योजना का लाभ लेने हेतु तथा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियो से भुगतान हेतु ग्रामों मे शिविर लगाने एवं घर-घर जाकर समझाइश दी।

## परकोटा वार्ड में हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच की, पानी पीने योग्य पाया गया

**सागर।** नगर निगम जलप्रदाय टीम द्वारा परकोटा वार्ड में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श शैलेन्द्र ठाकुर की उपस्थिति में किले के पास स्थित हैंडपंप के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई गई। जांच के दौरान जलप्रदाय शाखा की टीम द्वारा पानी के नमूनों को निर्धारित मानकों पर परखा गया। परीक्षण में यह पाया गया कि हैंडपंप का पानी सभी गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरा है एवं पूर्णतः पीने योग्य है। निगम अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा समय-समय पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हैंडपंप, कुएं एवं जल स्त्रोतों की नियमित जांच की जा रही है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल स्वच्छ एवं जांचे गए जल स्त्रोतों का ही उपयोग करें।

## 1 फरवरी को होगा ब्राह्मण वैवाहिक पत्रिका विमोचन

**सागर।** ब्राह्मण समाज की वैवाहिक पत्रिका विप्र परिणय का विमोचन एवं 10वी,12वी के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम 1 फरवरी रविवार को रविन्द्र भवन से होगा। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं.भरत तिवारी ने बताया कि प्रदेश स्तरीय पत्रिका में ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के एक हजार से ज्यादा बायोडाटा प्रकाशित में सबसे ज्यादा बुंदेलखंड क्षेत्र से ही हैं।

## निगमायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत चल रहे सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

**सागर।** नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब में लोहिया पार्क के आगे निर्माणाधीन घाटों, मंडपम एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, निर्माण सामग्री का मानक अनुसार उपयोग करने तथा स्थल की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिकों के लिए आकर्षक बनाना है।

## नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की मांग को लेकर अध्यापकों के समर्थन में होगा संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग के अध्यापकों की नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की गणना की मांग को लेकर अब मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आंदोलन करेगा।

यह निर्णय दतिया में आयोजित संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर लिया गया है। संघ का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर में आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1998 से नियुक्त अध्यापक संवर्ग की वरिष्ठता शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2018 से मानी जा रही है, जिससे बड़ी संख्या में अध्यापक प्रभावित हुए हैं। इस व्यवस्था से क्षुब्ध अध्यापक पिछले सात वर्षों से नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की मांग कर रहे हैं।

राज्य कर्मचारी संघ ने इस मांग को न्यायोचित मानते हुए शासन के समक्ष कई बार प्रस्तुत किया, परंतु निराकरण न होने के कारण आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया गया है। वरिष्ठता से संबंधित प्रस्ताव भोपाल जिलाध्यक्ष जितेंद्र शाक्य द्वारा रखा गया, जिसका समर्थन संभाग उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद चतुर्वेदी ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव एवं प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह की अगुवाई में संगठनात्मक और कर्मचारी हित से जुड़े करीब एक दर्जन प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें प्रदेश कार्यालय के लिए भूमि क्रय कर भवन निर्माण, रिक्त दायित्वों की पूर्ति, एक व्यक्ति–एक पद का सिद्धांत, निष्क्रिय पदाधिकारियों को सक्रिय करना तथा शेष जिलों में समय-सीमा में निर्वाचन पूर्ण करने जैसे विषय शामिल रहे। बैठक में विदिशा जिले से जिला प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अनिल भार्गव, संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे, संभाग उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष ईश्वर शर्मा, जिला सचिव जगदीश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष शंभू दयाल विश्वकर्मा एवं राकेश मैना ने सहभागिता की।

## आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सनातन संघ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर की सख्त कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिरोंज में सावित्रीबाई फुले जयंती कार्यक्रम के दौरान कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद गहरा गया है।

इस मामले में सनातन संघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। यह विवाद भीम आर्मी कार्यकर्ता शुभम बौद्ध द्वारा की गई कथित टिप्पणी से जुड़ा है। संघ पदाधिकारियों का आरोप है कि सार्वजनिक मंच से भगवान राम को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी से सनातन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। सनातन संघ के प्रतिनिधियों ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) शिक्षित शर्मा को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगा। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 299 के तहत प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर ली है। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर पहले भी विभिन्न संगठनों और नागरिकों द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। सनातन संघ ने ऐसी टिप्पणियों को सामाजिक सौहार्द के लिए हानिकारक बताया है।

## 8वें दिन सौरभ इलेवन और बासौदा वारियर्स के बीच हुआ मुकाबला

**कुरवाई।** शहीद स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे की स्मृति में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन कॉलेज ग्राउंड कुरवाई में रोमांचक मुकाबले खेले गए। आठवें दिन टूर्नामेंट को देखने बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मैदान पर पहुंचे। मुकाबलों में सौरभ इलेवन एवं बासोदा वारियर्स के बीच मैच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक हरिसिंह सप्रे ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। आठवें दिवस के कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह सप्रे, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, आयोजक संदीप सप्रे, टूर्नामेंट अध्यक्ष जतिन सप्रे एवं पार्षद इल्यास मोहम्मद उपस्थित रहे। अन्य मुकाबलों में भोंरासा 11 वनाम पाड़ोचा 11 तथा देवली 11 वनाम केसीसी स्टार के बीच मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट के माध्यम से शहीद स्व. वीर सिंह सप्रे के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए खेल भावना एवं सौहार्द का संदेश दिया जा रहा है।

## एसबीआई शाखा का उद्घाटन हुआ, अब उपभोक्ताओं को बैंकिंग कार्य में मिलेगी सहूलियत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

भारतीय स्टेट बैंक की नवीन शाखा का उद्घाटन एवं लोकार्पण क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार सिंह द्वारा किया गया। सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के बाद फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए जरूरतमंद वर्ग को कंबलों का वितरण किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा 5वीं की टॉपर युक्ति वर्मा तथा कक्षा 8वीं की टॉपर प्रिया रैकवार को साइकिल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 वार्षिक प्रीमियम पर उपलब्ध दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना की स्थिति में 2 लाख की सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि शाखा के उद्घाटन एवं लोकार्पण से क्षेत्रवासियों को बैंकिंग सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा और वित्तीय समावेशन को और मजबूती मिलेगी।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए गए



**शमशाबाद।** बीलखेड़ी में तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 47 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष्मान योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलती है, जिससे तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त होगी। शिविर में समन्वय अधिकारी कैलाश बंजारा, डिप्टी रेंजर किशन मीणा, सीएचओ नीतू पटेल, आशा सुपरवाइजर शहनाज खान, आशा कार्यकर्ता भम्मी राजपूत, स्कूल प्रभारी ललिता पाटस्कार एवं अतिथि शिक्षक रणवीर सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों मौजूद रहे।

**प्रशस्ति पत्र और पुलिस मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया**

# दशकों की पुलिस सेवा के बाद विदिशा पुलिस के 3 अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त, ससम्मान विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा पुलिस के तीन अधिकारी, कर्मचारियों के दशकों के निष्ठापूर्ण एवं गौरवमयी सेवाकाल की पूर्णता पर पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में ससम्मान विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में सहायक उप निरीक्षक विजय सिंह ने 38 वर्ष 5 माह 24 दिवस, सहायक उप निरीक्षक महेशबाबू शर्मा ने 34 वर्ष 1 माह 30 दिवस तथा प्रधान आरक्षक रामसेवक ने 32 वर्ष 3 माह 12 दिवस का सेवाकाल पूर्ण किया। समारोह में सीएपी अतुल सिंह, मुख्य लिपिक सुनील वर्मा, यातायात प्रभारी आशीष राय, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं परिजन उपस्थित रहे। सभी ने उनके अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी।



**विदिशा।** सेवा निवृत्त कर्मचारियों को फूलमाला पहनाकर पुलिस अधिकारियों ने ससम्मान विदाई दी।

**।। जाहिर सूचना ।।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विशाल सिहं मीना एंव श्रीमति कुसुम बाई मीना निवासी-ग्राम-इमलिया नरेन्द्र तहसील बैरसिया जिला भोपाल के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 100 (P), ग्राम-इमलिया नरेन्द्र प.ह. नं. 68 तहसील बैरसिया जिला भोपाल में स्थित है। सर्वे न.90/1(B) जिसका क्षेत्रफल 1420 वर्गफिट है। एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में - रोड, पश्चिम में -ओमप्रकाश पुत्र श्री करन सिहं का मकान, उत्तर में - बाबूलाल विश्वकर्मा का मकान एवं दक्षिण में - बटनलाल एण्ड पर्वत सिहं विश्वकर्मा का मकान है। का दिनांक 07/01/2026 ई रजि.नं MP43IGR16012026A100020496 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान को श्री विशाल सिहं मीना एंव श्रीमति कुसुम बाई मीना इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है। जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्यालय - मैन रोड रामद्वारा विदिशा म.प्र.
मो.न.9300265996

## खबर संक्षेप

### डीजल चोरी ग्रुप का वाहन किया जब्त, आरोपी फरार

**बरेली।** फोरलेन 45 पर वाहनों से डीजल चुराने गिरोह सक्रिय बना हुआ था अनेक स्थान विशेष कर ढाबो के पास खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटना हो रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान खरगोन के पास गुरु कृपा ढाबे के आसपास एक गाड़ी को संदिग्ध अवस्था में देखा और पकड़ा गया। गाड़ी का नंबर एम एच 14 सी एक्स 9625 को जप्त किया जप्त वाहन में डीजल चुरा कर रखने के ड्रमो के साथ अन्य उपकरण भी मिले हैं।मौके का लाभ उठाकर आरोपी फरार हो गए डीजल चोरी में उपयोग आने वाले वाहन को पकडऩे में प्रधान आरक्षक योगेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक राजेश शर्मा एवं पुलिस वाहन चालक सत्येंद्र रघुवंशी की सक्रिय भूमिका रही।

### संजय चौहान बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष

**रायसेन।** आईएनएच न्यूज़ चैनल के पत्रकार संजय चौहान को मप्र



श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जिलेभर के पत्रकारों, मीडिया कर्मियों ने खुशियां जाहिर कर बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष शलभ कुमार भदौरिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### रामलीला में हुआ नारांतक वध, रावण वध होगा आज

**रायसेन।** श्रीरामलीला में गुरुवार को रावण पुत्र नारांतक वध की लीला का मैदानी मंचन किया गया। लीला में रावण पुत्र नारांतक रामादल में पहुंचकर युद्ध की चुनौती देता है। वह जमकर मायावी शक्तियों से युद्ध करता है। लेकिन जब वह युद्ध रणक्षेत्र में मारा नहीं जाता, तब श्रीराम सुग्रीव से पूछते हैं तो वह उसके बचपन के बाल सखा दधीवल को बुलवाते है। अंत में दधीवल के हाथों नारांतक का वध हो जाता है। वहीं आज शुक्रवार को विभीषण पुत्र तारणि सेन और पुत्र वधु निम्नांक्षी युद्ध और लंकापति रावण व श्रीराम के बीच महासंग्राम होगा।

---

**कलेक्टर के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन** | **सीएमओ की मनमानी से दूषित पानी पीने को मजबूर शहरवासी**

# नालियों में पड़ी लीकेज पाइप लाइन...कहीं रायसेन में भी न बन जाए इंदौर जैसे हालात



वार्ड नं.13 अशोक नगर

» हरिभूमि टीम ने किया वार्डों का सर्वे, हर वार्ड में मिली लीकेज और नाली में पड़ी पाइप लाइन

» इंदौर की घटना के बाद भी नहीं चेती नगर पालिका, कलेक्टर के निर्देश रह गए कागजी कार्रवाई बनकर, सीएमओ ने भी निरीक्षण तक सीमित रखा

वार्ड 4 कलेक्ट्रेट कॉलोनी



वार्ड नं. 9 बैंक कॉलोनी



वार्ड 10 रामलीला मार्ग



वार्ड नं. 15 अर्जुन नगर



संदीप दुबे ⏭ रायसेन

शहर में पेयजल व्यवस्था जस की तस बनी हुई है, इंदौर की घटना के बाद भी शहर को दूषित पानी परोसा जा रहा है। जबकि कलेक्टर ने 8 दिन पूर्व हुई आपात बैठक में सीएमओ को पेयजल पाइन लाइन गंदी नालियों में से हटाने और 48 घंटे में लाइनों को दुरुस्त एवं 20 साल पुरानी पाइप लाइनों को बदलने के सख्त निर्देश दिए थे।

परंतु 8 दिन बीत जाने के बाद भी सीएमओ ने सिर्फ कागजी खानापूर्ति की है, जिससे लोगों की जान पर खतरा बना हुआ है।

हरिभूमि की टीम ने जब इस मामले को लेकर शहर के वार्डों का सर्वे किया तो प्रत्येक वार्ड में नपा की पोल खोलती सच्चाई सामने आई। प्रत्येक वार्ड में सभी जगह पानी की सप्लाई लाइन नालियों में पड़ी हुई और लीकेज मिली। जिनसे घरों तक पहुंच रहा

बोलती तस्वीर...



फोटो। वार्ड नं. 02 बावड़ीपुरा मंदिर मार्ग पर नाली में पड़ी पीने के पानी की लीकेज पाइन लाइन।

पानी दूषित हो रहा है। मजबूरी में शहरवासी यही जहरीला पानी पीने को विवश हैं। हालात यह हैं कि शिकायतों के बावजूद नगर पालिका और जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नालियों में बह रहे गंदे पानी के बीच से गुजरने वाली पाइप लाइनों में लीकेज की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में नालियों का दूषित पानी पाइप के जरिए सीधे घरों तक पहुंच रहा है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में पेट संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक आंख मूंदे बैठा रहता है या फिर शहरवासियों को शुद्ध पेयजल दिलाने ठोस कदम उठाए जाते हैं।

### इंदौर घटना से भी नहीं ली सीख

इंदौर की घटना के बाद जिलेभर में पेयजल लाइनों की जांच और सुधार की बात कही गई थी, लेकिन नगर पालिका ने इससे कोई सबक नहीं लिया। नाले और नालियों में पड़ी पाइप लाइनें आज भी उसी हालत में हैं।

### कलेक्टर के आदेशों की नगर पालिका कर रही अनदेखी

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि नालियों से गुजर रही जल सप्लाई लाइनों को तत्काल हटाया जाए और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए। इसके बावजूद सीएमओ ने इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया। न तो पाइप लाइन बदली गई और न ही प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक जल व्यवस्था की गई।

### इनका कहना है

शहर के सभी वार्डों में जहां-जहां पाइप लाइन नाले नालियों से गुजरी हैं, वहां का प्राथमिकता से सर्वे कराकरा उन्हें बदला जा रहा है।
- **सविता जमना सेन,** नपाध्यक्ष रायसेन।

◆ पाइप लाइनों को दुरुस्तिकरण का कार्य चल रहा है। सीरियल से सभी वार्डों को लिया है। वार्ड 1 और 2 में कार्य चल रहा है। क्योंकि शहर बड़ा है, थोड़ा समय लगेगा। - **सुरेखा जाटव,** सीएमओ।

### जन स्वास्थ्य से खुला खिलवाड़

◆ स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दूषित पानी के सेवन से डायरिया, पीलिया, टायफाइड और हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो शहर में बड़ा स्वास्थ्य संकट खड़ा हो सकता है।

### नागरिकों में आक्रोश

◆ शहर वासियों में नगर पालिका के रवैये को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि टैक्स देने के बावजूद उन्हें शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा। कई मोहल्लों में लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

---

# भागवत कथा में गोवर्धन पर्वत की पूजा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

क्षेत्र के डोलाघाट हनुमान मंदिर पर चल चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक साध्वी राधिका कुमारी द्वारा श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने और पूजा करने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। जैसे ही कथा के



दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

कथा वाचक ने कहा कि गोकुल के निवासी देवराज इंद्र से बहुत भयभीत रहते थे। श्री कृष्ण ने समझाया कि इंद्रदेव की पूजा के बजाय गाय-भैंसों की पूजा करो, ये तुम्हें दूध देती हैं। जिस पर इन्द्र देव ने गोकुल में जमकर बारिश की। श्रीकृष्ण ने सभी गोकुलवासियों को गोवर्धन पर्वत के नीचे ले जाकर इंद्र से उनकी रक्षा की।

# बालमपुर घाटी पर पलटी ओवरलोड भूसे से भरी ट्राली



**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 स्थित बालमपुर घाटी पर गुरुवार को ओवरलोड भूसे से भरी ट्राली अनियंत्रित होते हुए रोड के किनारे पलट गई। गनीमत रही कि उस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्ययदर्शी के अनुसार भूसे से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली जैसे ही बालमपुर घाटी चढ़ी ही थी कि ट्रॉली अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे पलट गई। जबकि ट्रैक्टर बाल बाल पलटने से बचा। अगर ट्रैक्टर पलट जाता तो उसमें सवार चार से पांच लोग दब जाते। जिससे एक बड़ी दुर्घटना हो जाती। हाईवे 18 पर बार-बार भूसे से भरे ट्रक ट्रैक्टर ट्राली बार-बार पलट रहे हैं। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

---

नर्मदा तट बौरास के लिए सरें भरते हुए श्रद्धालु के साथ में जा रहा बालक

# ट्रक की चपेट में आया नाबालिग बालक, गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सरें भरते हुए नर्मदा घाट जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे में शामिल नाबालिग बालक चिल्ली ग्राम के पास ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसके दोनो पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को तत्काल ही भोपाल रेफर किया। हादसे से आक्रोषित ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे 44 पर जाम लगा दिया। जाम एकरीब 2 घंटे चला, जिससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई।

जानकारी के अनुसार हतोड़ा ग्राम से बुधवार सुबह श्रद्धालुओं का जत्था सरें भरते हुए नर्मदा घाट बौरास के लिए रवाना हुआ था। गुरुवार दोपहर के समय ग्राम चिल्ली के पास जत्थे में शामिल नाबालिक बालक दीपक 8 साल पिता हरिगोविंद कुशवाहा निवासी हतोड़ा को सामने से आ रहे ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बालक के दोनो पैरो में गंभीर चोट आई। तत्कल ही बालक को पुलिस डायल 112 वाहन से सिविल अस्पताल पहुंचाया, यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद से रेफर किया। ट्रक क्रमांक एमपी 49 एच जेड 2244 उदयपुरा से सिलवानी तरफ आ रहा था।

आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम



### घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे 44 पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीओपी अनिल मौर्य, थाना प्रभारी पूनम सविता, जैथारी चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचें तथा ग्रामीणों को समझाईश दीतथा जाम समाप्त करने को कहा। लेकिन ग्रामीणों ने जाम समाप्त नहीं किया।

### पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार, ट्रक भी जब्त

एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि ग्रामीणों की मांग की थी घायल बालक का समुचित उपचार कराया जावे। जिस पर वाहन मालिक को मौके पर बुलाया गया। जिसके द्वारा बालक का उपचार कराए जाने का स्पष्ट भरोसा दिलाए जाने पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात रहे कि नगर से निकले स्टेट हाइवे 44 व 15 पर तेज रफ्तार रेत से भरे तथा खाली डंपर, ट्रकअंधी रफ्तार से गुजरते है। जो कि अकसर ही हादसे का कारण बनते है। लेकिन प्रशासन ऐसे वाहनों कि अंधी रफ्तार पर ब्रेक नही लगा पा रहा हैं।

# मुखर्जी नगर बस्ती का विशाल हिंदू सम्मेलन 10 जनवरी को, साध्वी सरस्वती रहेंगी मुख्य वक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के चलते सनातन धर्म प्रेमियों में धर्म के प्रति जन जागृति लाने के उद्देश्य से हिंदू सम्मेलनों का



आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में 10 जनवरी शनिवार को नगर के मुखर्जी नगर स्थित नमो पार्क में विशाल मुखर्जी बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के समस्त पदाधिकरियों ने हिंदू सम्मेलन को लेकर नमो पार्क मुखर्जी नगर में व्यापक तैयारी पूर्ण कर ली है। कार्यक्रम स्थल को भगवा झंडों से सजाया गया है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में साध्वी सरस्वती जी शामिल होंगी। सकल हिंदू समाज को मार्गदर्शन प्रदान



करेंगी। हिंदू सम्मेलन का आयोजन शनिवार सुबह 12 बजे से प्रारंभ होगा। समिति ने सभी सनातनियों हिंदू सम्मेलन में परिवार सहित शामिल होने की अपील की है।

### निकाली वाहन रैली....

मुखर्जी नगर कॉलोनी बस्ती में शनिवार को आयोजित हिंदू सम्मेलन को लेकर गुरुवार को भगवा वाहन रैली निकाली गई। यह भगवा वाहन रैली मुखर्जी नगर नमो पार्क से शुरू होकर बस्ती के प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समाप्त हुई।

### बाइक रैली निकाल कर खरगोन में हुआ भूमिपूजन

**बरेली।** तहसील के कस्बा खरगोन में 10 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा, इसके लिए खरगोन में भगवा ध्वज पताकाओं व जय श्री राम भारत माता के नारे लगाते हुए बाइक रैली निकाली गई। हिन्दू सम्मेलन के लिए विधि विधान से भूमि



पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। हिन्दू सम्मेलन की जागरूकता के लिए गांधी चबूतरा से बाइक रैली नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पेट्रोल पंप तक पहुंची। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं युवाओं की बाइक रैली में भारी उपस्थिति रही। 10 जनवरी को होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए भूमि पूजन किया गया।

---

**बेगवां कला से मां नर्मदा तट बोरास के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना**

# कड़कड़ाती ठंड में भी युवा भर रहे श्रद्धा व आस्था का पिंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

हर्ष और श्रद्धा की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी बेगवां कला, सिलवानी से मां नर्मदा तट बोरास के लिए श्रद्धालुओं का जत्था पिंड भरते हुए रवाना हुआ। धार्मिक आस्था और परंपरा के इस पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कड़कड़ाती सर्दी में भी युवा भर रहे श्रद्धा व आस्था का पिण्ड भर रहे है।

श्रद्धालुओं का यह जत्था मां खेरापति बिजासेन मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करने के पश्चात यात्रा पर निकला। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व मां नर्मदा के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि से पिंड भरते हुए यात्रा की शुरुआत की, जो क्षेत्र की वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा का प्रतीक है।

धार्मिक यात्रा में कमलेश कुशवाहा, मनमोद कुशवाहा, लोकेश कुशवाहा, प्रेमनारायण कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, प्रिंस कुशवाहा, तुलसी कुशवाहा



सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। सभी श्रद्धालु श्रद्धा के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

श्रद्धालुओं ने बताया कि बेगवां कला सिलवानी से मां नर्मदा तट बोरास की दूरी लगभग 36 किलोमीटर है। पिंड भरते हुए इस दूरी को तय करने में लगभग आठ दिन का समय लगेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु प्रतिदिन निश्चित दूरी तय करते हुए विश्राम करेंगे तथा भजन-कीर्तन और मां नर्मदा के गुणगान के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।

यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का कहना है कि पिंड भरते हुए नर्मदा तट तक पहुंचना न केवल धार्मिक आस्था का विषय है, बल्कि यह आत्मिक शांति और सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। मां नर्मदा तट बोरास पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन प्रसादी ग्रहण करेंगे।

जत्थे के रवाना होने के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कुशवाहा समाज के तहसील अध्यक्ष बलराम कुशवाहा, पूर्व तहसील अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सिलवनी नगर अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन कुशवाहा, कुशवाहा धर्मशाला निर्माण समिति अध्यक्ष लखन कुशवाहा, मिथलेश कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, राजा कुशवाहा, संदीप कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर, श्रीफल भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में आपसी भाईचारे, श्रद्धा और संस्कारों को मजबूत करती हैं। पिंड यात्रा के माध्यम से युवा पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।

# नगर के शासकीय अशासकीय स्कूलों में हुए नगर गौरव दिवस कार्यक्रम

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि बिलीनीकरण आंदोलन के इतिहास से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

श्री निराला साहित्य जनकल्याण समिति एवं नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की पहल पर नगर की निजी एवं शासकीय शिक्षण संस्थानों में नगर गौरव दिवस मनाने बिलीनीकरण आंदोलन के दो युवाओं के शहीद होने के इतिहास स्वर्णिम घटना को भाभी पीढ़ी के छात्र-छात्राओं को अवगत कराने कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

नगर के गुरुकुल स्कूल बरेली, विद्या मंदिर स्कूल, शासकीय बालक हाई सेकेंडरी, शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी एवं अन्य स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर नगर गौरव दिवस मनाते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी एवं गुरुकुल स्कूल में हुए कार्यक्रमों में निराला समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ एवं अवध नारायण सक्सेना की विशेष उपस्थिति रही। सुरेश बिदुआ ने विलीनीकरण आंदोलन के इतिहास की विस्तार से जानकारी देते हुए इसे नगर को गौरांवित करने वाली घटना बताई इसी प्रकार शासकीय कन्या शाला में हुए कार्यक्रम में नगर गौरव दिवस क्यों मनाया जा रहा है।भोपाल की नवाबी के विरुद्ध लड़े गए दूसरे स्वतंत्रता संग्राम की घटना के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर प्राचार्य यूएस अहिरवार शिक्षक शिक्षिकाओं छात्रों की भारी उपस्थिति रही।